हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 1 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 नशे के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल शाम ढलते ही गांव में लगाती हैं गश्त





## खबर संक्षेप

### आंबा की छत का गिरा प्लास्टर, बड़ा हादसा टला

**जांजगीर-चांपा**। हाथीटिकरा के आंगनबाड़ी केन्द्र के छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। इस दौरान वहां बच्चे मौजूद नहीं थे। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हाथीटिकरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। भवन की दीवारों में दरारें हैं और छत व छज्जे की हालत भी बेहद खराब है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद अब तक भवन की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सोमवार 29 जून की सुबह छत के प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा भर भराकर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ही केन्द्र में पहुंचे थे। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे इस हादसे के बाद आंगनबाड़ी पहुंचे। अगर बच्चों की उपस्थिति में छत का प्लास्टर गिरता तो बडा हादसा हो सकता था।

### हल्की हवा एवं बूंदाबांदी से बिजली सेवा बाधित



**सक्ती**। शहर में लगाए गए इंसुलेटर में आए दिन खराबी आ रही है। जिसके कारण बिजली कटौती हो रही है। खास बात यह है कि हल्की बूंदाबांदी एवं हवा के चलते बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। जल्द व्यवस्था सुधार नहीं होने पर नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि सक्ती शहर में बिजली विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कल क्षेत्र में हुई हल्की हवा-आंधी और बूंदाबांदी के बाद शहर की बत्ती पूरी तरह गुल हो गई। आलम यह रहा कि नागरिकों को लगभग सात घंटे तक बिना बिजली के अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा। स्थानीय सूत्रों और नागरिकों से मिली जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा शहर में बेहद घटिया क्वालिटी के इंसुलेटर और अन्य उपकरण लगाए गए हैं। यही वजह है कि मौसम में थोड़ा सा भी बदलाव होने पर या मामूली हवा चलने पर भी इंसुलेटर खराब हो जाते हैं। आए दिन होने वाली इस ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। घंटों बिजली बंद रहने के कारण इस भीषण गर्मी और उमस में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर व्यापार और घरेलू काम पूरी तरह ठप पड़ रहे हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे सक्ती के आम नागरिकों में प्रशासन और बिजली विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है।

## पीडियाट्रिक्स सर्जन, मेडिसीन, गायनिक जैसे कई विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

# मेडिकल कॉलेज में 50 फीसदी डॉक्टरों की कमी, 13 साल में भी नहीं भर सके 116 पद

प्रतीक मिश्रा ⏭ रायगढ़

चिकित्सक दिवस पर विशेष



आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जब एक तरफ चिकित्सकों को उनकी सेवा, समर्पण और मानवता के लिए सम्मानित किया जा रहा है, उनके समाज में योगदान को हर जगह सराहा और नमन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के एकमात्र मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थापना के 13 वर्ष बीतने के बाद भी 50 फीसदी चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक भी शामिल हैं।

यहां 233 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 116 पद रिक्त हैं। कई बार प्रस्ताव भेजने के बाद भी चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर शासन उदासीन नजर आ रहा है, ऐसे में यहां बेहतर इलाज की उम्मीद में आने वाले मरीजों और बेहतर भविष्य का सपना देख रहे विद्यार्थी दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। गौरतलब है कि स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2013 में हुई थी। जिसके बाद भी लगातार यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। 30 जून 2026 की स्थिति में जारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि संस्थान में स्वीकृत पदों के मुकाबले बड़ी संख्या में पद अब भी रिक्त हैं। बताया जा रहा है हर बार यहां से रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव शासन को भेज जाता है, लेकिन हर बार शासन जरूरत से काफी कम ही नियुक्ति करता है। उसमें भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं के बराबर की जाती है । आंकड़ों के अनुसार मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापक यानी प्रोफेसर के 21 स्वीकृत पद हैं। इनमें केवल 2 नियमित और 6 संविदा चिकित्सक सहित कुल 8 डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि 13 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार सह-प्राध्यापक यानी एसोसिएट प्रोफेसर के 36 स्वीकृत पदों में मात्र 10 पद भरे जा सके हैं, जबकि 26 पद अब भी खाली हैं। सबसे अधिक कमी सहायक प्राध्यापक वर्ग में दर्ज की गई है, इस श्रेणी के 62 स्वीकृत पदों में केवल 21 चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें 13 नियमित और 8 संविदा चिकित्सक शामिल हैं। इसके बावजूद 41 पद रिक्त हैं, जो कुल स्वीकृत पदों का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा है। हालांकि प्रदर्शक यानी डेमॉन्स्ट्रेटर वर्ग में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दिखाई देती है। यहां 18 स्वीकृत पदों में 16 पद भरे हुए हैं, जिनमें 13 नियमित और 3 संविदा चिकित्सक शामिल हैं, जबकि केवल 2 पद रिक्त हैं। वहीं सीनियर रेजिडेंट के 41 स्वीकृत पदों में 22 चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें 6 नियमित और 16 संविदा डॉक्टर शामिल हैं, जबकि 19 पद रिक्त हैं।

- मरीजों के साथ छात्रों का भविष्य भी प्रभावित

इसी प्रकार जूनियर रेजिडेंट के 55 स्वीकृत पदों में 40 चिकित्सक कार्यरत हैं। इनमें 15 नियमित और 25 संविदा डॉक्टर शामिल हैं, जबकि 15 पद खाली पड़े हुए हैं। कई विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। यहां मिलने वाली सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं से मरीजों को वंचित होना पड़ रहा है।

### पूर्ण क्षमता तक नहीं हो सकी नियुक्तियां

बता दें कि जूनियर रेजिडेंट वर्ग में कार्यरत डॉक्टरों की संख्या अन्य श्रेणियों की तुलना में अधिक है, लेकिन यहां भी पूर्ण क्षमता तक नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। बताया जा रहा है कि हल में ही 5 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्त किया गया है, जिनमें से 2 ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि 3 अन्य की ज्वाइनिंग अभी शेष है। इनकी नियुक्ति के बाद सहायक प्राध्यापकों की संख्या में कुछ वृद्धि जरूर होगी होगी, लेकिन कुल रिक्त पदों की स्थिति में बहुत बड़ा बदलाव नहीं आएगा।

### मरीजों के साथ छात्र भी हो रहे प्रभावित

मेडिकल कॉलेज में स्वीकृत पदों की तुलना में कार्यरत चिकित्सकों की संख्या कम होने से शिक्षण, प्रशिक्षण और विभिन्न विभागों में विशेषज्ञों की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार ऑर्थो, गायनिक, मेडिसिन, पीडियाट्रिक यानी बाल चिकित्सा या शिशु-चिकित्सा विभाग में सर्जन की कमी बनी हुई है। हाल में ही गायनिक विभाग के प्रमुख चिकित्सक और विशेषज्ञ डॉ त्रिभुवन कुमार साहू और मेडिसिन विभाग की विशेषज्ञ डॉ सविता अहीरवाल का ट्रांसफर जशपुर कर दिया हुआ। जिससे यह विभाग भी अब प्रभावित होगा।

### रेगुलर नहीं होने पर कई चिकित्सकों ने छोड़ा

सूत्र बता रहे हैं कि कई चिकित्सकों की नियुक्ति संविदा तौर पर की गई थी। इनसे कई चिकित्सक दुसरे जिलों से आकर कुछ वर्षों से था अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्हें यह उमीद थी कि कभी न कभी उन्हें नियमित कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

### फैक्ट फाइल

| पदनाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| प्राध्यापक | 21 | 08 | 13 |
| सह-प्राध्यापक | 36 | 10 | 26 |
| सहायक प्राध्यापक | 62 | 21 | 41 |
| प्रदर्शक | 18 | 16 | 02 |
| सीनियर रेजिडेंट | 41 | 22 | 19 |
| जूनियर रेजिडेंट | 55 | 40 | 15 |

| | |
|---|---|
| प्राध्यापक – | 61.9% पद रिक्त |
| सह-प्राध्यापक – | 72.2% पद रिक्त |
| सहायक प्राध्यापक – | 66.1% पद रिक्त |
| सीनियर रेजिडेंट – | 46.3% पद रिक्त |
| जूनियर रेजिडेंट – | 27.3% पद रिक्त |
| प्रदर्शक (ट्यूटर) – | 11.1% पद रिक्त |

### चिकित्सकों की मांग की गई है

मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 233 पदस्वीकृत है, जिसमें में 116 पद रिक्त हैं, रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शासन से पत्राचार किया गया है। पदों के टिकट होने की वजह से विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, ऐसे में कार्य प्रभावित हो रहे हैं। थी वजह है कि शासन से चिकित्सकों की मांग की गई है।

- **डॉ संतोष कुमार**, अधिष्ठाता
लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़

## अवैध शराब भट्टी पर पुलिस का छापा, 65 लीटर शराब जब्त



**रायगढ़**। चक्रधरनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम नटवरपुर के जंगल में संचालित अवैध महुआ शराब निर्माण स्थल पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक राकेश मिश्रा को सूचना मिली थी कि ग्राम नटवरपुर के जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण कर उसकी बिक्री की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फुल सिंह धनवार 25 वर्ष एवं दुआरू धनवार 40 वर्ष, निवासी ग्राम नटवरपुर, थाना चक्रधरनगर बताया। तलाशी के दौरान फुल सिंह धनवार के कब्जे से दो धातु के बर्तन और एक प्लास्टिक जरीकेन में भरी 35 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जबकि दुआरू धनवार के कब्जे से एक बड़े ट्यूब में भरी 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने कुल 65 लीटर कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 13 हजार रुपये बताई जा रही है, जब्त की है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शराब का निर्माण और बिक्री करना स्वीकार किया तथा उसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले में थाना चक्रधरनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

## 12 हाथियों के दल ने उद्यान रोपणी में मचाई तबाही, फेंसिंग तोड़ी, नारियल के पौधे उखाड़े

**रायगढ़**। लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुंजारा स्थित शासकीय उद्यान रोपणी में सोमवार देर शाम को 12 जंगली हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया। उद्यान परिसर में घुसे हाथियों ने फेंसिंग, पौधों और अन्य उद्यान संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए दहशत का माहौल पैदा कर दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों के झुंड ने उद्यान परिसर की सुरक्षा के लिए लगाई गई फेंसिंग को 18 अलग-अलग स्थानों पर तोड़ दिया, जिससे पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो गई। हाथियों ने परिसर में रखे 23 नग अरेका पाम एवं क्रोटन के गमलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के दल ने उद्यान में लगाए गए 5 नारियल के पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दिया, वहीं परिसर में लगे कटहल के पेड़ों पर लगे फलों को खाकर साफ कर दिया। हाथियों की गतिविधियों से उद्यान को व्यापक आर्थिक क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन शुरू किया। प्रारंभिक आकलन में उद्यान की फेंसिंग, पौधों और अन्य संरचनाओं को काफी क्षति पहुंचने की बात सामने आई है। लैलूंगा क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी ग्रामीणों और शासकीय संस्थानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी की जा रही है तथा आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नुकसान का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिव शक्ति स्टील और श्री साईं गणेश ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ श्रम न्यायालय में परिवाद दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में औद्योगिक सुरक्षा, श्रमिक हितों और पर्यावरणीय मानकों के पालन को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए औद्योगिक इकाइयों की जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और नियमों के अनुपालन का जायजा लिया।

- नियमों की अनदेखी पर सख्त रुख, कई कंपनियों को दिए गए सुधार के निर्देश
- प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की जांच तेज

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसीलदार रायगढ़, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, सहायक संचालक उद्योग विभाग तथा पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने (इमुल टेक) और (रिजेनेसिस इंडस्ट्रीज़) समेत अन्य औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कारखानों में सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, श्रमिकों के लिए सुरक्षा मानकों, कार्य प्रणाली तथा पर्यावरणीय प्रावधानों का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए और संबंधित प्रबंधन को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश जारी किए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों की सुरक्षा और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**दो कंपनियों के खिलाफ श्रम न्यायालय में परिवाद-** जिला प्रशासन ने बताया कि पूर्व में भी कई औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। इसी क्रम में शिव शक्ति स्टील प्राइवेट लिमिटेड और श्री साईं गणेश ट्रेडिंग कंपनी द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके बाद संबंधित प्रबंधन के खिलाफ माननीय श्रम न्यायालय, रायगढ़ में परिवाद दाखिल किया गया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में हड़कंप की स्थिति है। अधिकारियों का कहना है कि संयुक्त जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और सुरक्षा, श्रमिक कल्याण तथा पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएंगे।

## हादसे के बाद एनएच-53 जाम करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़**। सड़क दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-53 को करीब साढ़े पांच घंटे तक बाधित करने वाले लोगों के खिलाफ पुसौर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने बलवा, राजमार्ग अवरुद्ध करने, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 29 जून 2026 को ग्राम कठली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्राम टपरदा निवासी शंकरध्वज निषाद 40 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दुर्घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्र हो गए।ग्रामीणों ने शव को हटाने का विरोध करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर पत्थर और पेड़ों की डालियां रखकर भारी एवं हल्के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने लगातार समझाइश दी, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और मार्ग अवरुद्ध रखा। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर करीब साढ़े पांच घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

## गली से चोरी बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**। छाल पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोजिया निवासी घनश्याम प्रसाद चंद्रा ने 27 जून को थाना छाल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-13-जी-0417 को 25 जून की रात अज्ञात चोर मकान के पास स्थित गली से चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर खान को सूचना मिली कि ग्राम तुमकुड़ा कुड़ेकेला निवासी कपूर कुमार केरकेट्टा अपने घर में चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने चोरी गई मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-13-जी-0417 बरामद कर ली। मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी कपूर कुमार केरकेट्टा 31 वर्ष निवासी ग्राम तुमकुड़ा, थाना छाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## नक्शा बटांकन, स्वामित्व योजना और लंबित राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

प्रतीक मिश्रा ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले में राजस्व कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की प्राथमिकता वाले प्रत्येक राजस्व कार्य का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित मैदानी राजस्व अमले की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अमलो को सम्मानित किया जाएगा, वहीं कार्य में लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का मूल्यांकन उसकी कार्य-प्रगति, गुणवत्ता एवं प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

कलेक्टर ने जिले की सभी तहसीलों के राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक तहसील के एक-एक पटवारी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही जिन राजस्व अमलों का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं है, उनकी सूची तैयार कर आवश्यकतानुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नक्शा बटांकन की ग्रामवार प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी राजस्व अमले को लक्ष्य निर्धारित कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर प्रगति हासिल करने वाले पटवारियों से उनके कार्य अनुभव और नवाचारों की जानकारी भी ली, ताकि अन्य क्षेत्रों में भी उसी कार्यप्रणाली को अपनाकर प्रगति में तेजी लाई जा सके। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत शेष लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल ऋण पुस्तिका, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरा, फार्मर रजिस्ट्री, मल्टीपल ओनर वाले खातों में बकेट क्लेम सहित विभिन्न ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की तहसीलवार समीक्षा की तथा सभी कार्यों को गंभीरता, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना, असर्वेक्षित मसाहती वन से राजस्व ग्रामों की प्रगति, वनाधिकार पट्टाधारियों के फौती नामांतरण तथा अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन के आवेदनों का त्वरित पंजीयन कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा ग्रामीणों को राजस्व विभाग की विभिन्न सुविधाओं और प्रक्रियाओं के प्रति व्यापक रूप से जागरूक किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके।

कलेक्टर ने मिसल से खसरा मिलान के कार्य में लैलूंगा एवं मुकड़ेगा तहसीलों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित राजस्व अमले को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छोटे-छोटे राजस्व विवादों का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर गठित सामुदायिक मध्यस्थता समिति के माध्यम से किया जाए, जिससे ग्रामीणों को त्वरित राहत मिले और राजस्व न्यायालयों पर अनावश्यक भार कम हो।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# हैवान में विलेन बनकर सैफ से भिड़ेंगे अक्षय

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। सैफ अली खान ने अब अक्षय कुमार के किरदार के बारे में कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने खुलासा कर दिया है कि आखिर अक्षय का रोल फिल्म में कैसा होगा? सैफ ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार हैवान में एक नेगेटिव किरदार निभाने वाले हैं जो कि काफी खतरनाक होगा। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया, 'हम बहुत किस्मत वाले हैं कि वह फिल्म में यह रोल निभा रहे हैं। यह और भी रोमांचक है क्योंकि यह एक खतरनाक, नेगेटिव रोल है, और मैंने उन्हें ऐसा करते हुए बहुत कम देखा है।



लाइफ Style

# अनन्या ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे ने हाल ही में बताया है कि वह ट्रेंड को क्यों नहीं फॉलो करती हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से एक अपील भी की है। सेलिब्रिटी पर हमेशा ट्रेंड्स के साथ चलने का दबाव रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फैंस उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। उन पर ये दबाव इसलिए भी रहता है कि क्योंकि ब्यूटी ट्रेंड्स रातों-रात बदल जाते हैं।

अनन्या पांडे के लिए, आज खूबसूरती का मतलब ट्रेंड्स को फॉलो करना नहीं, बल्कि अपनी असलियत को अपनाना है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि वह कभी भी ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं, बल्कि वही चीजें अपनाती हैं, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से पसंद आती हैं। 'कॉल मी बे' की एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं ट्रेंड्स को फॉलो वालों में से नहीं हूं। मुझे असल में ऑनलाइन सर्च करना पड़ता है कि अभी क्या ट्रेंड कर रहा है, वरना मुझे पता ही नहीं चलेगा। मुझे बस इतना पता है कि मेरे लिए क्या सही है।' अनन्या को फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' और 'चांद मेरा दिल' जैसी हालिया फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली, हालांकि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाईं। सफलता और असफलता दोनों का अनुभव कर चुकीं यह एक्ट्रेस बड़े पर्दे के जादू में पक्का यकीन रखती हैं। अनन्या पांडे कहती हैं 'मुझे लगता है कि सिनेमा हमेशा रहेगा। मुझे थिएटर में जाकर हर तरह की फिल्में देखना पसंद है। मुझे सबसे ज्यादा मजा हर हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्में देखने में आता है। मेरे लिए, फिल्में देखना मेरे बड़े होने का एक अहम हिस्सा रहा है। मैं नई पीढ़ी को थिएटर जाकर फिल्में देखने और हमारे सिनेमा को जिंदा रखने के लिए प्रोत्साहित करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# प्रशंसक के माथे पर किया सिग्नेचर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ड्वेन जॉनसन (द रॉक) ने हाल ही में स्कूली बच्चों से मुलाकात की और उन्हें जिंदगी की एक बड़ी सीख दी। ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में स्कूल के बच्चे रॉक को देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इन्हीं में से एक रॉक की प्रशंसक ने उनसे कहा कि वह उनके माथे पर कुछ खास लिखें, जो बिल्कुल अलग हो। इस पर ड्वेन ने प्रशंसक के माथे पर लिखा, 'आई लव यू' इसी के साथ उन्होंने अपना सिग्नेचर भी किया।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं मिली बॉबी ब्राउन

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'एनोला होम्स 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह एक बार फिर मशहूर यंग डिटेक्टिव के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में एक्शन, रोमांस, ड्रामा और कॉमेडी सब कुछ है, और इसी वजह से मिली को लगता है कि वह हिंदी फिल्मों के लिए भी परफेक्ट हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में मिली ने बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल, मैं कभी मना नहीं करूंगी। इंडिया मेरी बकेट लिस्ट में है। मैं वहां जाना चाहती हूं। मैं कुछ भी करने के लिए तैयार हूं, खासकर कॉमेडी क्योंकि मैं एक फनी गर्ल हूं।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वह हिंदी फिल्मों में डांस करने के लिए तैयार होंगी, तो उन्होंने तुरंत हां कहा।



# सामंथा की फिल्म ने तोड़ा अनुष्का का रिकॉर्ड

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की हालिया रिलीज फिल्म 'मां इंटी बंगारम' पर लगातार पैसों की बारिश हो रही है। इसके साथ ही अब यह महिला प्रधान दक्षिण भारतीय फिल्मों की लिस्ट में 'अरुंधति' को पछाड़ कर पहले नंबर पर आ गई है। अब तक इस लिस्ट में 2009 में रिलीज हुई अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म 'अरुंधति' पहले स्थान पर थी। यह साउथ सिनेमा की उन महिला प्रधान फिल्मों में से एक है, जिसने बॉक्स आफिस पर तगड़ा कलेक्शन किया था। 'अरुंधति' ने उस दौर में वर्ल्ड वाइड लगभग 70 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद कई वर्षों तक यह तेलुगु सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म बनी रही। अब हालिया रिलीज 'मां इंटी बंगारम' ने महज 10 दिनों के अंदर 70 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया।



# करुप्पु की कामयाबी के बाद मिली नई मूवी

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत 29 जून 2 को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए।

## टीवी मसाला




# ऑटिज़्म और स्वीकार्यता की प्रेरणादायक कहानी 'जूही मुई'

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल 'जूही मुई' का प्रीमियर सोमवार 29 जून को हुआ। यह सीरियल हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इसमें प्रमुख कलाकार संजय सूरी, ईशा सिंह, विजयेंद्र कुमेरिया, साई देवधर, कृशाग घुगे और अयूब खान हैं। कहते हैं, 'हर दिमाग अपनी तरह से चमकता है।' ऐसे समय में जब समाज व्यक्तिगतता का जश्न मनाता है, लेकिन उसे समझने में अक्सर संघर्ष करता है। कलर्स लेकर आ रहा है 'जूही मुई' एक दिल छू लेने वाली कहानी एक युवा ऑटिस्टिक लड़की की, जो ऐसे संसार में जी रही है, जो उसे लगातार कम आंकता है। कहानी के केंद्र में है जूही सूरी एक तेज़ और उज्ज्वल युवती, जिसकी दुनिया को देखने का अनोखा तरीका उसकी सबसे बड़ी ताक़त भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। असाधारण याददाश्त और पैनी सोच से लैस जूही के पास ऐसी क्षमताएं हैं, जो उसे दूसरों से अलग बनाती हैं। लेकिन, अपनी प्रतिभा के बावजूद जूही अक्सर इस वजह से आंकी जाती है कि वह अलग है और समाज की संकीर्ण परिभाषा के हिसाब से 'नॉर्मल' नहीं मानी जाती। कानून के चेंबर के अनुशासन में अपने भाई करण के साथ पली-बढ़ी जुही ने बचपन से ही अपने स्नेही पिता राजेंद्र सूरी को देखा, जो एक सम्मानित वकील हैं और अपनी खुद की प्रैक्टिस चलाते हैं। वह रोज़ाना जिस दुनिया से लड़ते हैं, उससे जुही को बचाकर रखते हैं। जुही का दिमाग़ कानून के लिए ही बना है उसे धाराएं शब्दशः याद रहती हैं, वह मिसालों को तुरंत जोड़ लेती है और वे बारीकियां देख लेती हैं, जो दूसरों की नज़र से छूट जाती हैं।

### लॉक अप 2 में राम के बर्ताव की आलोचना

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप' का नया सीजन अभी शुरू ही हुआ है, मगर इसने तीखी बहस, अचानक झगड़ों और ढेर सारे ड्रामे से दर्शकों को बांधा है। हाल ही में एक टास्क के दौरान होस्ट और जेलर रितेश देशमुख के साथ एक्टर राम कपूर की तीखी बहस हो गई। इसके बाद ऑनलाइन चर्चा शुरू हो गई। शो में राम कपूर ने पानी मांगा। जब उन्हें पानी नहीं मिला, तो वह आपा खो बैठे और मेकर्स को चेतावनी देते हुए कहा 'मैं काफी देर से पानी मांग रहा हूं। आप लोग हमसे यह सब करवा रहे हैं, लेकिन पानी नहीं दे रहे। यह सही नहीं है। पानी भेजो।'



टास्क के लगभग खत्म होने तक भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो राम खेलने की जगह के बीच में खड़े हो गए और खेल को आगे बढ़ने से रोक दिया। जब रितेश देशमुख ने उन्हें चेतावनी दी कि उन्हें पेंटबॉल लग सकता है, तो राम ने जवाब दिया, 'लगने दो, आओ मारो।'

# सीआईडी से पहले दूरदर्शन की जान था ये क्राइम शो

*आज जब भी भारतीय टीवी के सबसे लोकप्रिय क्राइम शोज की बात होती है तो सबसे पहले सीआईडी का नाम याद आता है। लेकिन, उससे कई साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा शो आया था, जिसने दर्शकों को हर रविवार टीवी के सामने बैठने पर मजबूर कर दिया था।*

**नई दिल्ली।** यह शो था 'तहकीकात', जिसमें हर हफ्ते एक नई मर्डर मिस्ट्री, नए किरदार और चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिलते थे। शानदार कहानी, सस्पेंस और बेहतरीन अभिनय ने इसे 90 के दशक का सबसे चर्चित क्राइम सीरियल बना दिया। खास बात यह थी कि इस शो में कई बॉलीवुड कलाकार भी गेस्ट रोल में नजर आते थे, जिससे हर एपिसोड को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ जाती थी।'तहकीकात' की सबसे बड़ी खासियत इसकी अलग-अलग कहानियां थीं। हर एपिसोड में एक नया केस होता था, जिसमें हत्या या किसी रहस्यमय अपराध की गुत्थी सुलझाई जाती थी।



जांच के दौरान कई संदिग्ध सामने आते थे और कहानी ऐसे मोड़ लेती थी कि असली अपराधी का अंदाजा लगाना आसान नहीं होता था। यही वजह थी कि दर्शक शुरुआत से लेकर अंत तक टीवी स्क्रीन से नजरें नहीं हटाते थे। उस दौर में जब क्राइम और इन्वेस्टिगेशन आधारित शो बहुत कम थे, तब 'तहकीकात' ने अपनी अलग पहचान बनाई। इस शो में मशहूर फिल्मकार और अभिनेता विजय आनंद ने जासूस सैम डिसिल्वा का किरदार निभाया था, जबकि सौरभ शुक्ला उनके सहायक गोपी के रोल में नजर आए थे। दोनों की शानदार केमिस्ट्री और केस सुलझाने का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। गंभीर जांच के बीच हल्का-फुल्का हास्य भी देखने को मिलता था, जिससे शो और भी मनोरंजक बन जाता था। इन दोनों कलाकारों की दमदार एक्टिंग ने

# आवारापन 2 का धमाकेदार टीजर रिलीज एक्शन अवतार में नजर आए इमरान



**मुंबई।** विशेष फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर 29 जून को 'आवारापन 2' का टीजर रिलीज कर दिया है। 2007 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'आवारापन' के 19 साल के लंबे समय बाद आखिरकार इसका सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। टीजर में इमरान हाशमी जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। वहीं दिशा पाटनी की प्यारी झलक भी सामने आई है। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' के टीजर की शरुआत इन लाइन से शुरू होती है- 'कछ लोगों की कहानिंया उनकी मर्जी से खत्म नहीं होती है, उनकी कहानी दूसरों के लिए लिखी जाती है।' इसी के साथ फिल्म में इमरान को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके साथ ही शबाना आजमी और दिशा पाटनी की खास झलक भी दिखाई गई है। विशेष फिल्म्स ने आज आधिकारिक तौर पर 'आवारापन 2' के टीजर को रिलीज करके इमरान हाशमी के प्रशंसकों को खुश कर दिया है। 'आवारापन 2' 14 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है।

## प्रीतम एंड पेड्रो से सुपर सुब्बू' तक, हिरानी कर रहे हैं डेब्यू

# इस वीक ओटीटी पर होगी मनोरंजन की जबरदस्त बरसात

*नई दिल्ली।* तपती गर्मियों से राहत के बीच हर तरफ मॉनसून का इंतजार हो रहा है। आज मंगलवार से आषाढ़ का महीना भी लग गया। दूसरी तरफ सिनेमाघरों में कई फिल्मों की बहार आई हुई है। अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' 50 करोड़ी हो चुकी है। 'अल्फा' सहित कुछ नई फिल्में इस वीक रिलीज की कतार में हैं। मगर, ओटीटी पर क्या खास होगा?

### एनोला होम्स 3

यह मिस्ट्री एडवेंचर फिल्म की तीसरी कड़ी है। इसमें दिखाया गया है कि एनोला की शादी वाले दिन उसके भाई का अपहरण कर लिया जाता है। ऐसे में एनोला को शादी छोड़कर भाई को ढूंढने निकलना पड़ता है। इस दौरान कई चुनौतियां आती हैं। कई जोखिम होते हैं। 'एनोला होम्स 3' को दर्शक 01 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### एली

यह कॉमेडी ड्रामा सीरीज 01 जुलाई से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह मशहूर हॉलीवुड फिल्म 'लीगली ब्लॉन्ड' की प्रीक्वल सीरीज है, जो मुख्य किरदार एली वुड के हाई स्कूल के दिनों की कहानी दिखाएगी।

### सुपर सुब्बू

यह संदीप किशन, मिथिला पालकर, मुरली शर्मा, मनसा चौधरी अभिनीत कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज में एक बदकिस्मत टीचर को एक ऐसे गांव में 'यौन शिक्षा' सिखाने का काम मिलता है, जहां का माहौल उसके खिलाफ है। यह सीरीज 02 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



### प्रीतम एंड पेड्रो

यह इस सप्ताह की सबसे चर्चित सीरीज है। इसके जरिए नामी निर्माता-निर्देशक राजकुमार हिरानी ओटीटी की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, उनके बेटे वीर हिरानी एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। इसमें अरशद वारसी और विक्रांत मैसी भी अहम भूमिका में हैं। यह सीरीज 03 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज का निर्देशन अविनाश अरुण ने किया है।

### इसाकापट्टनम

यह एक तेलुगु क्राइम एक्शन थ्रिलर सीरीज है। इसमें दिखाया गया है कि पोर्ट टाउन इसाकापट्टनम में बाहर से आया एक शख्स अपने दिमाग और ताकत के बूते बहुत बड़ा आदमी बन जाता है। सबके अंदर उसका खौफ है। मगर, ऐसा समय आता है, जब उसके सामने अपना वर्चस्व बनाए रखने की चुनौती होती है।

### रेजिडेंट एलियन

अगर साइंस फिक्शन सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह आपके लिए है। यह एक ऐसे एलियन पर आधारित है, जो अपनी वास्तविकता छिपाकर रखता है। अपनी खोई हुई स्पेसशिप को खोजने के मिशन पर है। इसके दो सीजन पहले ही आ चुके हैं। अब नया सीजन 01 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।



**खबर संक्षेप**

## आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय बालक की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना क्षेत्र में रविवार को हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक घटना में 12 वर्षीय बालक प्रमोद राम निवासी



कप्तुरापाठ, जाति कोरवा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र और परिवार में शोक का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के बाद घायल परिवार के सभी छह सदस्यों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सन्ना लाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार रात लगभग 8:45 बजे घटना की पुष्टि हुई।घायलों में मृतक की माता बंधनी बाई भी शामिल थीं, जो अस्पताल पहुंचने पर अचेत अवस्था में थीं। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता से उनका उपचार प्रारंभ किया गया, जिसके बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। अन्य सभी घायलों का भी इलाज जारी है और चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति अब स्थिर एवं बेहतर बताई जा रही है।

## जिले में 64.9 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 30 जून 2026 तक 809.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 30 जून तक सामान्य औसत वर्षा 1683.2 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 64.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 77.4 मिमी, मनोरा में 136.5 मिमी, कुनकुरी में 104.5 मिमी, दुलदुला में 55.7 मिमी, फरसाबहार में 48.6 मिमी, बगीचा में 47.0 मिमी, कांसाबेल में 76.0 मिमी, पत्थलगांव में 72.7 मिमी, सन्ना में 147.9 मिमी एवं बागबहार में 43.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में 147.9 मिमी दर्ज की गई है। 30 जून को सर्वाधिक बगीचा तहसील में 17.0 मिमी वर्षा हुई।

### जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 29 जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक सहकारी सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में सहकारिता की पहुंच जन-जन तक पहुंचाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं अधिकारियों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा समय-सीमा में निर्देश पूर्ण करने हेतु कहा गया। बैठक में पैक्स को मजबूत बनाने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा




प्रदान की जा रही सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नाफेड, एन.सी.सी.एफ, एन.सी.इ.एल, एन.सी.ओ.एल, बी.बी.एस.एस.एल जैसी राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं में जिला जशपुर की लैम्प्स समितियों की सदस्यता पर विशेष जोर देते हुए सदस्यता ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला जशपुर के कुनकुरी ब्लॉक में लैम्प्स समिति कुनकुरी के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिले के मछुआ एवं दुग्ध समितियों जो वर्तमान में अकार्यशील है, उन्हें कार्यशील कराने एवं इस हेतु उचित कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये। खरीफ 2026 अंतर्गत कृषि ऋण वितरण की समीक्षा उपरांत कृषकों को लोन प्रदान करने तथा जिले में खाद-बीज की कमी न हो तथा कृषकों को सरल, सहज तथा आवश्यकतानुसार तत्काल नकद एवं खाद के रूप में ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए कृषि, सहकारिता एवं अपेक्स बैंक को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त लैम्प्स समितियों के माध्यम से कृषकों को तत्काल समिति स्तर पर माइक्रो ए.टी.एम. के माध्यम से राशि आहरण की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा कृषकों को इसका लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में नवगठित 20 समितियों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से चर्चा एवं उनके सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिया गया।

# अंग्रेजी व देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पत्थलगांव।** पुलिस ने अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाई जा रही अंग्रेजी व देसी शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बाइक व 16 हजार रुपए से अधिक की शराब जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार 28 जून की रात्रि 10 बजे थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 14 एमयू 1427 में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को लेकर ग्राम पालीडीह की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पालीडीह में पुलिस ने पाया कि एक संदिग्ध व्यक्ति प्लेटिना बाइक में बोरी व एक झोले को लटकाकर आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उस संदिग्ध व्यक्ति को रोका। पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम विश्वनाथ शर्मा, उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम लुड़ेग का रहने वाला बताया। पुलिस





ने जब उसके पास रखी बोरी व झोले की तलाशी ली तो उसमें अवैध रूप से रखी अंग्रेजी शराब मैकडॉवल नंबर 1 व्हिस्की की 750 ml वाला 2 बॉटल, सिंबा कंपनी की बियर बोतल 650ml वाला 12 नग, मुडोफ कंपनी की व्हिस्की पौवा 180 ml वाला 25 नग, गोल्डन गोवा कंपनी की व्हिस्की पौवा 180 ml वाला 60 नग था देसी प्लेन मदिरा पौवा 180ml वाला 15 नग इस प्रकार कुल 114 नग में 27 ली 300 ml अवैध शराब मिली। आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जिस पर पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ शर्मा हिरासत में ले लिया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी विश्वनाथ शर्मा के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसके विरुद्ध थाना पत्थलगांव में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## शिक्षिका संतोषी कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित



**जशपुरनगर।** राजस्थान के नागौर जिले में स्थित अखिल भारतीय कबीर मठ, बड़ी खाटू में आयोजित भव्य कबीर जयंती महोत्सव-2026 में जशपुर की शिक्षिका साहित्यकार, समाज सेवी एवं कवित्री संतोषी डनसेना को देश का पांचवां सम्मान कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा, साहित्य, शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में देश-विदेश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। संतोषी डनसेना को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके साहित्यिक एवं शैक्षिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संतोषी डनसेना निरंतर हिंदी भाषा और साहित्य के संरक्षण संवर्धन के लिए कार्यरत हैं।

# 108 पवित्र कलशों से महाप्रभु जगन्नाथ का स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दोकड़ा के ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में स्नान पूर्णिमा का पावन पर्व सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति के अद्भुत वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा का 108 पवित्र कलशों के सुगंधित जल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महारण स्नान (महाभिषेक) किया गया। पूरे मंदिर परिसर में ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष, भजन-कीर्तन और शंखध्वनि से भक्तिमय माहौल बना रहा।

महाभिषेक के पश्चात भगवान का दिव्य गजानन वेश धारण कराया गया,साथ ही महाप्रभु जी को 56 भोग लगाया गया। जिसके दर्शन के





लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार स्नान पूर्णिमा पर 108 कलशों के जल से महाभिषेक के बाद भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा 15 दिनों तक 'अनसर काल' में रहेंगे। मान्यता है कि अधिक स्नान के कारण महाप्रभु अस्वस्थ हो जाते हैं, इसलिए इस अवधि में वे विश्राम करते हैं और श्रद्धालुओं को प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होते।

इस दौरान विशेष सेवा-पूजा एवं औषधीय उपचार की परंपरा निभाई जाती है।अनसर काल समाप्त होने के बाद भगवान नवयौवन वेश में भक्तों को दर्शन देंगे, जिसके उपरांत भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होगा। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने स्नान पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवायतों एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी चन्द्रपुर जिला-सक्ती (छ.ग.)**
जावक क्र. 445/30.06.2026
ग्राम- मुक्ता प.ह.नं. 03
तहसील- चन्द्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)
202606311200007

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता निवासी ग्राम मुक्ता तहसील चन्द्रपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतकुमार चौहान पिता पंचराम चौहान जाति गांडा निवासी ग्राम मुक्ता तहसील चन्द्रपुर जिला सक्ती द्वारा अपनी माता पुनीमती चौहान पति पंचराम चौहान जाति गांडा की मृत्यु दिनांक 25/07/1995 स्थान मुक्ता में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/07/2026 तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

नोटः- 1. दो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु। 2. ग्राम कोटवार ईश्तहार की प्रति ग्राम में मुनादी कर सार्वजनिक स्थल पर चस्पा करें।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### बोरदा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन मुख्य मार्ग से नाला तक बनेगी सड़क



**खरौद।** ग्राम पंचायत बोरदा में रविवार को 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सड़क का निर्माण मुख्य मार्ग से रोहित के घर होते हुए नाला तक किया जाएगा। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में कीचड़ व जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला और भाजपा जिला मंत्री रमेश मोदी ललीत कश्यप ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन समारोह में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललित कश्यप, मीडिया प्रभारी मेलाराम कश्यप, सह मीडिया प्रभारी खगेन्द्र साहू, भाजपा मंडल महामंत्री दिलेश्वर साहू, कन्हैया केवट, ग्राम पंचायत बोरदा की सरपंच यशोदा कीर्तन, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश यादव, उपसरपंच वीरेंद्र चौहान सहित पंचायत प्रतिनिधि, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### नेपाल-भारत पर्यटन को बढ़ावा देने मिली नई दिशा, काठमांडू में हुई बैठक



**चांपा।** नेपाल-भारत के बीच पर्यटन, धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंपर्क को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला होटल व्यवसायी संघ, काठमांडू के विशेष निमंत्रण पर एयरपोर्ट क्षेत्र स्थित रॉयल बुटीक होटल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में इंडो नेपाल टूरिज्म वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं वरिष्ठ भारतीय पत्रकार डॉ. जतिन्दरपाल सिंह तथा पंकज रंजीत सहित नेपाल के होटल एवं पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायियों ने भाग लिया। बैठक में दोनों देशों के बीच पर्यटन सहयोग को मजबूत बनाने, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नेपाल के पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला होटल व्यवसायी संघ, काठमांडू के अध्यक्ष सुरेश बराल ने कहा कि भारतीय पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण होटल, सुरक्षित आवास, स्वादिष्ट भोजन और बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराना होटल उद्योग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. जतिन्दरपाल सिंह एवं पंकज रंजीत ने पूर्वी नेपाल के इलाम, भेडेटार, श्रीअन्तु और रामधुनी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल कम दूरी में पर्वत, हरियाली, झीलें, धार्मिक स्थल और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पशुपतिनाथ, स्वयम्भूनाथ और बौद्धनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के प्रति भारतीय श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है तथा धार्मिक पर्यटन दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ करेगा। बैठक में होटल व्यवसायी महासंघ नेपाल के प्रशासन उपाध्यक्ष ज्ञानु गजमेर, बागमती प्रदेश अध्यक्ष दामोदर नेपाल, सचिवालय सदस्य सञ्जीव श्रेष्ठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रज्वल श्रेष्ठ, सचिव अनिश बनियाँ, खेम उप्रेती, सरोज आले मगर तथा पर्वतारोही एवं प्रकृति संरक्षण विशेषज्ञ पी. के. शेर्पा सहित होटल एवं पर्यटन व्यवसायी उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित



**सक्ती।** विकास खंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नन्दौरकला में 27 जून को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा- छठवी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर , मिष्ठान एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश वितरण किया गया। साथ ही शैक्षणिक सामग्री, टाई, बैल्ट, आईडीकार्ड भी वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस सत्र से सभी बच्चो को शाला स्टाफ को द्वारा निःशुल्क हाउस ड्रेस भी वितरण किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला बाई कुर्रे , सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुर्रे , लाल घृतलहरे, मदन मोहन जायसवाल, संजीव कुमार सूर्यवंशी, पितरबाई सिदार, यशवंत राठौर, रश्मि बनाफर, अंजना देवांगन, नीतू चौहान, सविता कुर्रे, संतोष कुर्रे, राजेश्वर कुर्रे सहित शाला विकास समिति के सदस्य, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, पालक शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

गांव का माहौल हो रहा था खराब, महिलाओं और बेटियों का घर से निकलना हो गया था दूभर

# नशे के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल शाम ढलते ही गांव में लगाती हैं गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गांव में लगातार बढ़ रहे नशे के ग्राफ और खुले में शराब पीने की प्रवृत्ति से तंग आकर अब ग्राम पंचायत के पंच सरपंच एवं महिलाओं ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। पंचायत की अगुवाई में बिहान समूह तथा गांव की साहसी महिलाओं ने एकजुट होकर एक अनोखी मुहिम की शुरुआत की है। अब हर रोज शाम ढलते ही ये हाथों में लाठी, डंडे और टॉर्च लेकर सड़कों, गलियों और सुनसान चौराहों पर गश्त (पेट्रोलिंग) करने निकल पड़ती हैं, ताकि खुले में नशा करने वाले असामाजिक तत्वों को खदेड़ा जा सके। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक गश्त करती है।

ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि अंधेरा होते ही गांव के कुछ सुनसान रास्तों, पंचायत परिसर के पीछे नहर पार और चौराहों पर नशेडियों का जमावड़ा लग जाता है। इससे न सिर्फ गांव का माहौल खराब हो रहा था, बल्कि महिलाओं और बेटियों का शाम के समय घर से निकलना भी दूभर हो गया था। बार-बार शिकायत के बाद भी जब स्थिति नहीं सुधरी, तो बिहान समूह की महिलाओं ने पंचायत के सहयोग से खुद 'लाठी ब्रिगेड' बनाकर इस समस्या से निपटने का फैसला किया है। गश्त से नशा करने वालों में खौफ देखा जा रहा है। रोजाना शाम को टोलियां बनाकर निकलने वाली ये महिलाएं टॉर्च की रोशनी में हर उस कोने की तलाशी लेती हैं जहां नशा करने की आशंका होती है। महिलाओं के इस संगठित रूप को देखकर नशा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। महिलाओं का साफ कहना है कि उनका मकसद किसी के साथ मारपीट करना नहीं, बल्कि अपने गांव और परिवार को बर्बादी से बचाना है। पहली बार पकड़े जाने पर नशा करने वालों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है।




नशे के खिलाफ गांव में गश्त करती महिलाएं।

एफएलसीआरपी रुक्मणी डेंसिल का कहना है कि हम अपने घर और गांव का माहौल और खराब नहीं होने दे सकतीं। नशे के कारण कई परिवार तबाह हो रहे हैं और हमारी बेटियां असुरक्षित महसूस करती हैं। जब तक यह पूरी तरह बंद नहीं होगा, हमारी यह गश्त हर रोज शाम को जारी रहेगी। वार्ड नंबर 14 के पंच राम अवतार साहू का कहना है कि पुलिस एवं आबकारी विभाग भी इस मुहिम में महिलाओं का साथ दे रहा है और अवैध शराब व नशे के सौदागरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। ग्राम पंचायत सोंठी सरपंच राखी यादव का कहना है कि पंचायत एवं महिला समूह की कड़ाई का असर अब गांव में साफ देखने को मिल रहा है। उपसरपंच मुकेश डेंसिल ने बताया कि शाम के समय चौराहों पर लगने वाले असामाजिक तत्वों के डेरे अब गायब होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाओं की इस हिम्मत ने पूरे गांव को एक नई दिशा दिखाई है और अब पुरुष वर्ग भी इस मुहिम के समर्थन में आगे आ रहा है। इस अभियान में मुख्य रूप से जनपद सदस्य मोगरा बाई डेंसिल, मुन्नी मुकेश्वरी, आरती मानिक, सावित्री देवांगन, अहिल्या देवांगन छतरी डेंसिल, रामशिला श्रीवास सपना देवांगन नंदनी पटेल रश्मि सतनामी, गणपत टंडन , सक्रिय महिला चंदा कुर्रे नीलम कमल, मेम बाई शांडिल्य, महेतरीन बाई,झुल बाई, नंद कुमारी शिव कुमारी, राजकुमारी सहित बड़ी संख्या में वार्ड और गांव की महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हैं।



कीचड़ में तब्दील मार्ग।

## हरेठीकला की सड़क कीचड़ से सराबोर, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम हरेठीकला की मुख्य मार्ग बदहाल हो गया है। यहां सड़क पर बारहों महीने कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को प्रतिदिन इसी मार्ग से होता है आना जाना

गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम हरेठी कला के ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, लेकिन गर्मी और सर्दी के दिनों में भी सड़क पर कीचड़ और गड्ढे बने रहते हैं। गांव के छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। । मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हरेठी कला की मुख्य सड़क का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके तथा आवागमन सुगम हो सके। इस सड़क का निर्माण पूर्व सरपंच के द्वारा कराया गया है। वर्तमान सरपंच और सचिव के द्वारा उसी सड़क में मिट्टी डालने की वजह से कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रही है क्योंकि मुख्य मार्ग से ही ग्रामीणों का पानी निकासी होता है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## चोरिया के साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों एवं व्यवसायियों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

जिले में नए आपराधिक कानूनों और नशा मुक्ति को लेकर पुलिस का जनजागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम चोरिया के साप्ताहिक बाजार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित नए आपराधिक कानूनों की जानकारी सरल भाषा में दी गई।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि नए आपराधिक कानून न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। नागरिकों से कानूनों का पालन करने तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के दौरान नशा



मुक्ति अभियान के तहत युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, ग्रामीण तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि आमजन को कानूनों के प्रति जागरूक करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे।

## नशा परिवार, समाज एवं आने वाली पीढ़ी को करता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर जयदीप गर्ग के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति डभरा के मार्गदर्शन से पैरालीगल वालेंटियर

■ धुरकोट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा रविवार 28 जून को मंगलदीप क्लस्टर, धुरकोट में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मंगलदीप क्लस्टर की अध्यक्ष श्रीमती गणेशी चंद्रा, कोषाध्यक्ष, सचिव तथा अन्य कैडर सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।शिविर के दौरान पीएलवी श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा उपस्थितजनों




जागरुकता शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते पीएलवी।

को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज एवं आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। वर्तमान समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त उपस्थितजनों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के गठन एवं उद्देश्यों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता, तथा समाज के कमजोर एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु उपलब्ध कानूनी सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 21,22,23 अगस्त को होने वाली विशेष लोक- अदालत, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा के उपाय, लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत के लाभ, तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर के अंत में उपस्थित सभी लोगों से नशामुक्त, जागरूक एवं कानून का सम्मान करने वाला समाज बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया तथा किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैरालीगल वालेंटियर से संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

## सहकारिता किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम :केडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के प्रथम दिवस पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित अकलतरा (पं.क. 1034)

■ केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ, अकलतरा समिति में फहराया गया सहकारिता ध्वज

परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता ध्वज के आरोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से सहकारिता गीत का गायन किया गया तथा समिति के



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं किसान।

उपविधियों का वाचन कर सहकारिता के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष नरेश केडिया ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं की पारदर्शिता, जनभागीदारी एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत बनाते हुए किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। सहकारी सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाना तथा सहकारिता के मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।इस अवसर पर सुखदेव प्रसाद कुर्रे, कार्तिक राम मार्बल, फिरंगी लाल, महेत्तर रात्रे, रामायण प्रसाद, शशी मिरी, चरणलाल ओग्रे, रामकिशुन, विकास बंजारे, इन्द्रजीत बंजारे, रामखिलावन केवट, मोहर्रम खान, शशी कपूर भार्गव, छठेराम मिरी, दुर्गा रात्रे, राजेश केवट, बद्रीप्रसाद देवांगन, रामभरोसे केवट, रामलखन ओग्रे, उतरेखा बाई, राजेश टंडन, रमेश मार्बल, पुसराम रात्रे, दीपक दास, लखनलाल, झाड़ूराम भोई, अभिजीत बंजारे, दुकालु केवट, सुंदरलाल जोगी, छोटेलाल ओग्रे, सुरेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में किसान, समिति के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहकारिता विभाग के पांच वर्ष पूरे होने पर सहकारी मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



**जांजगीर-चांपा।** सहकारिता विभाग के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर में सोमवार 29 जून को भाजपा कार्यालय रायपुर में सहकारिता मंत्री एवं वन जलवायु मंत्री केदार कश्यप को भाजपा पदाधिकारियों ने बुके एवं साल भेंट कर सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर घासीराम कश्यप, किशोर कश्यप, राजकुमार साहू, दिनेश कुमार कश्यप, रमेश केवट, भागवत कश्यप, रामलाल पटेल उपस्थित रहे।






### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में पोलियो दिवस पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे । अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ चॉकलेट भी वितरित की।



बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए हर परिवार का सहयोग आवश्यक है। सीएचसी बम्हनीडीह के बीएमओ अजम्बर सिंह सिसोदिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराना है ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी के खतरे में न रहे । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी और सभी पालकों से सहयोग की अपील की। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत बम्हनीडीह के वार्ड नं 3 के निवासी रितेश तिवारी की नन्ही बेटी अदीत्री तिवारी को पहली पोलियो खुराक पिलाकर की गई । इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई ।

बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें चॉकलेट भी वितरित की गई। अभिभावकों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जून 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

